

एक नजर में

## बुलेट की लाइट जलाने पर विवाद

**गुना।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के बलवंत नगर में गत रात शराब के नशे में धुत्त बदमाशों ने एक 17 वर्षीय किशोर के साथ बेरहमी से मारपीट की और उसकी मोटरसाइकिल क्षतिग्रस्त कर दी। पुलिस ने मामले में चार नामजद आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। फरियादी रोशन वर्मा ने बताया कि गत रात करीब 10 बजे वह अपने दोस्त दिव्यवीर के साथ घर के बाहर बुलट मोटरसाइकिल पर खड़ा था। तभी पड़ोसी भरत सिंह श्रीवास्तव और सचिन किरार नशे की हालत में आए और बुलट की लाइट जलने की बात पर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने पत्थरों से हमला कर रोशन की मोटरसाइकिल एमपी 07-0288 फोड़ दी। विवाद बढ़ता देख आरोपियों के दो अन्य साथी मनु किरार और वंशी किरार भी वहां पहुंच गए और चारों ने मिलकर रोशन के साथ लात-घूसों से मारपीट की। जाते समय आरोपियों ने शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने चारों आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है।

## एबी रोड पर कार ने बाइक को मारी टक्कर

**गुना।** जिले के म्याना थाना क्षेत्र के अंतर्गत मगरदा क्रॉसिंग पर हुए सड़क हादसे में पुलिस ने जांच के उपरांत कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। घटना 21 दिसंबर 25 की दोपहर करीब 3:30 बजे की है, जब घायल भानूप्रताप सिंह और उनके साथी मोटरसाइकिल एमपी 07-7389 से एबी रोड हाईवे क्रॉस कर रहे थे। तभी गुना की ओर से आ रही कार 24 बीएच 1996 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उन्हें टक्कर मार दी। इस हादसे में भानूप्रताप सिंह जाट, जीतू उर्फ जितेंद्र, भरत सिंह और छोटू उर्फ हाकिम कुशवाह को चोटें आई थीं। मामले की जांच उपरांत पुलिस ने आरोपी कार चालक के विरुद्ध बीएनएस की धारा 281 और 125(ए) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

## घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी, अज्ञात पर मामला दर्ज

**गुना।** जिले के राघौगढ़ थाना क्षेत्र के कबीरपुरा इलाके से एक घर के बाहर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, कबीरपुरा वार्ड नंबर-1 निवासी मुकेश कोरी ने बताया कि गत की दोपहर करीब 2:30 बजे उन्होंने अपनी होंडा शाइन बाइक एमपी 08-5166 घर के बाहर खड़ी की थी। थोड़ी देर बाद जब वे घर से बाहर आए, तो वहां से मोटरसाइकिल गायब थी। फरियादी ने काफी समय तक अपने स्तर पर वाहन की तलाश की, लेकिन कोई सुराग न लगने पर शनिवार को थाने पहुंचकर रिपोर्ट कराई है।

# युवक की प्रताड़ना से तंग आकर कॉलेज छात्रा ने की खुदकुशी

## सुसाइड से पहले सहेली को बताया अपना दर्द, पुलिस मामले की छानबीन मे जुटी

नवभारत न्यूज

**गुना।** शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ईदगाह बाड़ी इलाके में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहाँ पीजी कॉलेज में अध्ययनरत बीए सेकंड ईयर की छात्रा ने अज्ञात युवक की प्रताड़ना से तंग आकर मौत को गले लगा लिया। शनिवार सुबह छात्रा का शव उसके कमरे में फंदे से लटका मिला। परिजनों का आरोप है कि एक युवक उसे लगातार फोन और मैसेज कर परेशान कर रहा था, जिससे वह मानसिक तनाव में थी।



**सुबह गेट नहीं खुला तो हुआ शक**

जानकारी के अनुसार, 20 वर्षीय जानकी उर्फ दामिनी कुशवाह शुक्रवार रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने गई थी। शनिवार सुबह जब काफी देर तक वह बाहर नहीं निकली, तो परिजनों ने दरवाजा खटखटाया। अंदर से कोई प्रतिक्रिया न मिलने पर परिजन घबरा गए और छत के रास्ते कमरे में झांककर देखा। अंदर का दृश्य देख उनके पैरों तले जमीन खिसक गई; दामिनी दुपट्टे के फंदे पर झूल रही थी। आनन-फानन में दरवाजा तोड़कर उसे नीचे उतारा गया और अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

**परेशान करने वाले युवक का सुराग**

मृतिका के भाई और परिजनों ने बताया कि कुछ समय से वह गुमसुम रहने लगी थी। उसने अपनी एक सहेली को भी साझा किया था कि एक युवक उसे बेवजह परेशान कर रहा है। परिजनों को छात्रा के मोबाइल फोन में एक विशेष नंबर से लगातार आने वाले कॉल्स और मैसेज के रिकॉर्ड भी मिले हैं। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मोबाइल को जब्त कर लिया है और कॉल डिटेल्स खंगाली जा रही हैं।

**पुलिस जांच में जुटी**

जिला अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। अधिकारियों का कहना है कि मोबाइल डेटा और सहेली के बयानों के आधार पर आरोपी युवक की पहचान की जा रही है। जल्द ही इस मामले में आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज कर गिरफ्तारी की जा सकती है।

## बजरंगगढ़ के ग्राम सौंठी में जमीनी रंजिश पर भिड़े एक ही परिवार के दो पक्ष

**गुना।** जिले के बजरंगगढ़ थानांतर्गत ग्राम सौंठी में पुरानी रंजिश को लेकर एक ही परिवार के दो गुटों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। खेत की मेड़ और जमीन के विवाद को लेकर हुई इस मारपीट में लाठी, डंडे और फर्सी का जमकर उपयोग किया गया, जिससे दोनों पक्षों के आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायतों के आधार पर एक-दूसरे के खिलाफ क्रॉस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

मेड़ के विवाद पर हुआ हमला: प्रथम पक्ष के फरियादी हरि सिंह यादव ने पुलिस को बताया कि गत सुबह करीब 9:15 बजे जब वह अपने घर के बाहर खड़े थे, तभी खेत की मेड़ की पुरानी रंजिश पर से परिवार की ही किरन बाई ने गाली-गलौज शुरू कर दी। शोर सुनकर किरन का पति बृजेश यादव, ससुर पहलवान यादव और देवर गोलू यादव लाठियां लेकर आ गए। आरोपियों ने हरि सिंह के हाथ, कंधे और कोहनी पर डंडों से प्रहार किया। बीच-बचाव करने आए हरि सिंह के बेटों रवि और राहुल पर भी हमला किया गया। आरोप है कि पहलवान यादव ने रवि की अंगुली में दांतों से काट लिया और अन्य आरोपियों ने सिर व पीठ पर लाठियां मारीं। घटना को हरि सिंह की मां धंतुरी बाई और पत्नी लक्ष्मी बाई ने देखा।

दूसरा पक्ष ने लगाएं फर्सी और लाठियों से मारपीट के आरोप वहीं दूसरे पक्ष से गोलू यादव ने काउंटर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पत्नी बंटी बाई और भाभी किरन बाई जब चारा लेने गई थीं, तब पुरानी रंजिश को लेकर लक्ष्मीबाई यादव, हरि सिंह, रवि और राहुल ने उनके साथ गाली-गलौज की। जब गोलू अपने पिता पहलवान और भाई बृजेश के साथ वहां पहुंचा, तो रवि यादव ने फर्सी से हमला कर गोलू का सिर फोड़ दिया। साथ ही हरि सिंह ने पहलवान सिंह के साथ लात-घूंसों से मारपीट की, जिससे उनके कानों से खून निकल आया। हमले में गोलू की पत्नी बंटी और भतीजी लक्ष्मी भी घायल हुईं। इस पक्ष का कहना है कि भगवान सिंह और मूलचंद यादव ने बीच-बचाव किया। वहीं दोनों ही पक्षों ने एक-दूसरे पर जान से मारने की धमकी देने और गंभीर मारपीट के आरोप लगाए हैं। बजरंगगढ़ थाना पुलिस ने घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है और दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर संबंधित धाराओं में मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है। गांव में तनावपूर्ण शांति को देखते हुए पुलिस स्थिति पर नजर रखे हुए है।



## रोटरी मेडिकल मिशन के तहत पनवाड़ी हाट में लगा स्वास्थ्य शिविर

### माधव सिंधिया सेवा मिशन के तहत किया गया आयोजन

**गुना।** मप्र शासन, माधव राव सिंधिया स्वास्थ्य सेवा मिशन एवं रोटरी क्लब गुना एवं रोटरी क्लब गुना रॉयल के सयुक्त तत्वाधान में शनिवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पनवाड़ी हाट में स्वास्थ परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। शिविर का विधिवत शुभारंभ रोटरी अध्यक्ष सीए ब्रजेश अग्रवाल, सचिव राजकुमार मंगल, शिविर संयोजक विकास जैन एवं संजय मंगल, नरेंद्र जैन सहित उपस्थित डाक्टरों की टीम के साथ मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया गया। शिविर जिला चिकित्सालय गुना के डॉक्टर डॉ अभिषेक गोयल, डॉ वीरेंद्र धाकड़, डॉ पूजा धाकड़, डॉ आर एस राजपूत, डॉ आदित्य, डॉ नितिन धाकड़ सहित उपस्थित डाक्टरों की टीम द्वारा 100 से अधिक रोगियों का स्वास्थ परीक्षण कर उचित परामर्श दिया एवं गंभीर मरीजों चिन्हित कर ऑपरेशन सिलेक्शन के लिए जिला अस्पताल गुना रेफर किया। रोटरी अध्यक्ष सीए अग्रवाल ने बताया कि अगला कैंप 6 जनवरी 2026 को चांचौड़ा के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर लगाया जाएगा। जिसको लेकर संस्था द्वारा क्षेत्र वासियों से अधिक से अधिक रोगियों से स्वास्थ लाभ लेने का आग्रह किया गया हे।

## सदर बाजार में शोर का सितम, सौंपा गया ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**गुना।** शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद शहर के रिहायशी इलाकों में ध्वनि प्रदूषण का ग्राफ कम होने का नाम नहीं ले रहा है। विशेष रूप से गुना के हृदय स्थल सदर बाजार के निवासियों ने लाउडस्पीकर और डीजे साउंड से होने वाली भारी असुविधा को लेकर जिला कलेक्टर को एक शिकायती पत्र सौंपा है। नागरिकों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते शोर पर अंकुश नहीं लगाया गया, तो यह न केवल शांति भंग करेगा बल्कि बुजुर्गों और मरीजों के स्वास्थ्य के लिए भी घातक सिद्ध होगा।

**तीन मंजिला इमारत पर लगे 6 लाउडस्पीकर, सुबह 5 बजे से भंग हो रही नींद**

सदर बाजार के रहवासियों ने कलेक्टर का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बताया कि मुख्यमंत्री की कैबिनेट के प्रथम निर्देशानुसार धार्मिक स्थलों पर तेज आवाज के लाउडस्पीकर प्रतिबंधित हैं। इसके बावजूद सदर बाजार स्थित एक धार्मिक स्थल पर नियमों की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। शिकायत के अनुसार, एक तीन मंजिला इमारत के ऊपर लगभग 10 फीट ऊँचा ढांचा बनाकर चारों दिशाओं में 6 बड़े लाउडस्पीकर लगाए गए हैं। यहाँ प्रतिदिन सुबह 5 बजे से करीब एक घंटे तक अत्यंत तीव्र ध्वनि में चलाया जाता है। जिससे आसपास के निवासियों की नींद खराब हो रही है। इसी प्रकार अन्य धार्मिक स्थलों पर भी समय-समय पर मानक स्तर से कहीं अधिक आवाज में संगीत बजाया जा रहा है।

**डीजे की धमक से गिरे मकानों के छज्जे, हादसे का डर:**

ज्ञापन में पिछले दिनों निकले एक धार्मिक जुलूस का भी जिक्र किया गया है, जिसमें डीजे साउंड इतना तेज था कि उसकी धमक से सदर बाजार के कुछ पुराने मकानों के छज्जों का प्लास्टर टूटकर नीचे गिर गया। निवासियों का कहना है कि यह स्थिति किसी बड़े हादसे को न्योता दे रही है। हालांकि पुलिस ने कुछ गाड़ियाँ जब्त की थीं, लेकिन स्थायी समाधान अब भी कोसों दूर है। ज्ञापन में सदर बाजार स्थित संबंधित धार्मिक स्थल की छत पर लगे अतिरिक्त लाउडस्पीकरों को तत्काल हटवाने, संबंधित क्षेत्र के बीट दरोगा और प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करने की मांग की। साथ ही भविष्य में निकलने वाले किसी भी जुलूस में डीजे सिस्टम की ध्वनि सीमा का सख्ती से पालन सुनिश्चित किया जाए।

## समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने मानसिक रोगी युवक को मिलाया परिवार से

### मानवता की मिसाल की पेश, अपने नेक कार्य में लगे हुए श्री भार्गव

नवभारत न्यूज

**गुना। समाजसेवा के क्षेत्र में सक्रिय प्रमोद भार्गव की संवेदनशीलता से एक परिवार की खुशियां लौट आई हैं। पिछले दो महीने से लापता एक मानसिक रूप से अस्वस्थ युवक को खोजकर उसे सकुशल परिजनों के सुपुर्द किया गया।**



जानकारी के अनुसार, रामगोपाल लोधा ने समाजसेवी प्रमोद भार्गव को सूचना दी थी कि एबी रोड स्थित आवन के खेतों में एक युवक कई दिनों से बीमार हालत में पड़ा है। भार्गव ने तत्काल मौके पर पहुंचकर युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम दिलीप शर्मा बताया। लगातार प्रयासों के बाद पता चला कि दिलीप शिवपुरी जिले के भटनावर थाना क्षेत्र के ग्राम डांगवरवे का निवासी है।

**बागेश्वर धाम की कथा के दौरान हुआ था लापता**

दिलीप के भाई सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि दिलीप नवंबर माह में शिवपुरी में आयोजित श्री बागेश्वर धाम की कथा के दौरान भटक गया था। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की और थाने में गुमशुदगी भी दर्ज कराई थी, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। पिता के निधन के बाद माँ अपने बेटे की चिंता में व्याकुल थी।

**परिजनों को सौंपा गया**

समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने दिलीप के भाई सत्यनारायण और चाचा बैजनाथ को गुना बुलाकर युवक को उनके सुपुर्द किया। अपने सदस्य को वापस पाकर परिवार भावुक हो गया और समाजसेवी का आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि प्रमोद भार्गव पूर्व में भी कई निराश्रितों और बिछड़े लोगों को उनके घर पहुंचाने का सराहनीय कार्य कर चुके हैं।

## स्वास्थ्य कैंप को लेकर गुना कलेक्ट्रेट में तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**गुना।** शिवपुरी में 17 से 24 मार्च तक आयोजित होने वाले मेगा स्वास्थ्य कैंप से अधिकाधिक नागरिकों को जोडने के उद्देश्य से आज गुना कलेक्ट्रेट में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य गुना जिले में अधिक से अधिक नागरिकों की स्क्रीनिंग सुनिश्चित करना रहा, ताकि अधिक लोगों को इस मेगा स्वास्थ्य कैंप का लाभ मिल सके।

बैठक में रोटरी रिजिनल मेडिकल मिशन सेक्रेटरी प्रदीप पाराशर ने जानकारी देते हुये बताया कि शिवपुरी में आयोजित मेगा स्वास्थ्य कैंप में देश के बड़े एवं प्रतिष्ठित चिकित्सकों की सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। कैंप में मानसिक रोग, किडनी, फेफड़े, कैंसर सहित अन्य जटिल बीमारियों के उपचार एवं ऑपरेशन की सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। साथ ही दिव्यांगजनों के लिए कृत्रिम हाथ-पैर सहित अन्य आवश्यक उपचार सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएंगी।

इस दौरान कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल ने कहा नियमित रूप से आने वाले मरीजों का डेटा संकलन किया जाए, दस्तावेजीकरण कार्य सुदृढ़ रखा जाए तथा पर्याप्त संख्या में वॉलेंटियर्स की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने नागरिकों से आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत आभा आईडी का अधिकाधिक उपयोग करने का भी आग्रह किया बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा कैंप को और अधिक प्रभावी बनाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ अधिक से अधिक नागरिकों तक पहुंचाने हेतु अपने-अपने सुझाव एवं विचार साझा किए गए। इस अवसर पर नपाध्यक्ष सविता गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक दुबे एवं एडीएम पवन सहित रोटरी संस्था के अन्य पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पशुपतिनाथ मंदिर पर शिव महापुराण कथा प्रारंभ

### भव्य कलश यात्रा में गूंजा हर -हर महादेव का जय, जयकारा



**गुना।** स्थानीय पुराना बस स्टैंड स्थित प्राचीन पशुपतिनाथ महादेव मंदिर में शनिवार से दिव्य संगीतमय शिव महापुराण कथा का भव्य शुभारंभ हुआ। वृंदावन के सुप्रसिद्ध कथा व्यास पंडित श्रवण भार्गव के मुखारविंद से अमृतमयी कथा का प्रवाह 9 जनवरी तक प्रतिदिन दोपहर 1 से 5 बजे तक होगा। कथा के प्रथम दिन श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जो लक्ष्मीगंज गुरुद्वारा होते हुए पशुपतिनाथ मंदिर पहुंची। इस दौरान राजीव अग्रवाल, आनंद भार्गव, नंदू महाराज, सुरेश शर्मा, राकेश शर्मा, सुनील शर्मा, गौरव कुशवाहा, चंद्रभान शिवहरे, मोहनीश भार्गव, जितेंद्र शर्मा, संजय नामदेव, कृष राठौर, अमित शर्मा, हिमांशु राठौर और मोनू महाराज सहित बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए। महिला श्रद्धालुओं में सुदेश शर्मा, पुष्पा झा, नमामि भार्गव, प्रियंका जाटव, प्रियांशी श्रीवास्तव, दिव्यांशी शर्मा, आयुषी किरार, दीपाली ठाकुर और राजकुमारी धाकड़ ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कथा के प्रथम दिवस पर प्रवक्ता श्रवण महाराज ने शिव महापुराण की महिमा का विस्तार से वर्णन करते हुए कहा कि शिव पुराण का श्रवण कलयुग में मनुष्य के मन को शुद्ध करता है तथा बड़े-बड़े पापों से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त करता है। उन्होंने कहा कि भगवान शिव की कथा केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि जीवन को सकारात्मक दिशा देने का साधन है। सनत महाराज 16 से 18 घंटे तक एक ही बैठक में सवा लाख रुद्राक्ष के मोतियों की बनी माला से दुर्गम स्थानों पर महिनों जप कर चुके हैं। कथा का आयोजन पशुपतिनाथ महादेव मंदिर सेवा समिति द्वारा किया जा रहा है। कथा 3 से प्रारंभ होकर 9 जनवरी तक दोपहर 1 वजे से 5 बजे तक चलेगी।




## मनुवादी विचारधारा को हराना ही सावित्री बाई फुले को सच्ची श्रद्धांजलि : सिंह

नवभारत न्यूज

**गुना।** सावित्री बाई फुले की जयंती के अवसर पर माकपा द्वारा एक सभा का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता के रूप में माकपा के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि सावित्री बाई फुले का संघर्ष केवल शिक्षा तक सीमित नहीं था, बल्कि उन्होंने समाज में व्याप्त असमानता और भेदभाव के खिलाफ भी लड़ाई लड़ी थी। जसविंदर सिंह ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि प्रदेश में एक ओर बेटी पढ़ाओ का नारा दिया जाता है, वहीं दूसरी ओर हजारों स्कूल बंद कर दिए गए हैं। उन्होंने आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि लगभग 69 प्रतिशत बच्चियां 12वीं तक पहुंचने से पहले ही पढ़ाई छोडने पर मजबूर हैं। सिंह ने आरोप लगाया कि महिला उत्पीडन की बढ़ती घटनाएं और मतदाता सूची से महिलाओं के नाम कटना भाजपा के मनुवादी रवैये को दर्शाता है। उन्होंने आह्वान किया कि इस विचारधारा को परास्त करना ही फुले को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सभा को रामविलास गोस्वामी, डॉ. विष्णु शर्मा और जहूर खान ने भी संबोधित किया।

आयोजन

मुनि संघ के साथ नगर गौरव मुनि सुदत्त सागर भी हैं साथ

# आज होगा आचार्यश्री निर्भय सागर का भव्य मंगल प्रवेश

नवभारत न्यूज

**गुना। दिगंबर जैन समाज के वैज्ञानिक संत आचार्यश्री निर्भय सागरजी महाराज का ससंघ मंगल प्रवेश रविवार को गुना नगर में होने जा रहा है। बजरंगगढ़ तीर्थ क्षेत्र में तीन दिवसीय प्रवास के बाद आचार्य श्री दोपहर 3 बजे बड़ा जैन मंदिर के लिए प्रस्थान करेंगे।**



**नगर गौरव का प्रथम आगमन**

इस प्रवास का विशेष आकर्षण नगर गौरव मुनिश्री सुदत्त सागर जी महाराज का आगमन है। दीक्षा पूर्व उनका नाम सचिन कुमार जैन शेरू भैया था। उनका बचपन और शिक्षा गुना में ही हुई थी, और उनके पिता रमेशचंद जैन (चक्कीवाले) आज भी कुम्हार मोहल्ले में निवास करते हैं। आचार्यश्री से 10 वर्ष पूर्व दीक्षित होने के बाद मुनि सुदत्त सागर जी पहली बार अपने गृह नगर पधार रहे हैं। आचार्य संघ में मुनिश्री शिव दत्त सागरजी, मुनिश्री गुरु दत्त सागरजी, मुनिश्री भूदत्त सागरजी, मुनिश्री पदम दत्त सागरजी, क्षुल्लकश्री चंद्र दत्त सागरजी एवं क्षुल्लकश्री दत्त सागर जी महाराज सहित ब्रह्मचारी भैया और दीदी शामिल हैं।

**स्वागत की भव्य तैयारियां**

नगर में आचार्य श्री के स्वागत हेतु जैन समाज ने व्यापक तैयारियां की हैं। पूरे मार्ग को वंदनवारों और आकर्षक रंगोलियों से सजाया गया है। आचार्य श्री का संघ सबसे पहले नसिया जी जैन मंदिर पहुंचेगा, जहाँ विश्व हिंदू परिषद के तत्वाधान में आयोजित हिन्दू सम्मेलन में वे अपना मंगल उपदेश देंगे। इसके पश्चात भव्य दिव्य घोष के साथ नगर में मंगल प्रवेश होगा। संतों का समागम ही परम सुख इसके पूर्व बजरंगगढ़ में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि भगवान की भक्ति में केवल श्रद्धा और समर्पण होना चाहिए, तर्क-वितर्क नहीं। उन्होंने बताया कि पंचम काल में साक्षात भगवान की अनुपस्थिति में उनकी प्राण प्रतिष्ठित प्रतिमा की पूजा वही फल देती है जो साक्षात भगवान के समीप बैठने से मिलता है। आचार्य श्री ने अष्टद्रव्यों से पूजा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत समागम से ही जीवन में सुख, शांति और ज्ञान की वृद्धि होती है। उन्होंने आह्वान किया कि लाखों कार्यों को छोड़कर भी संतों के समागम और उपदेश को प्राथमिकता देनी चाहिए क्योंकि संतों का आगमन समाज सुधारक और दुखहारी होता है।-

## आज 12 बस्तियों में एक साथ होगा हिन्दू सम्मेलन

**गुना।** शहर में कल होने जा रहे विराट हिंदू सम्मेलन को लेकर उत्साह और ऊर्जा का माहौल चरम पर है। सम्मेलन की तैयारियों ने पूरे गुना नगर को धार्मिक और सांस्कृतिक रंग में सराबोर कर दिया है। शहर की हर गली और बस्ती को भगवा ध्वजों से सजाया गया है, जबकि प्रमुख चौराहों पर भव्य स्वागत द्वारों का निर्माण किया जा रहा है। युवाओं और सम्मेलन समितियों की सक्रिय सहभागिता ने पूरे वातावरण को भगवामय कर दिया है, जहाँ प्रत्येक समाजजन इस आयोजन को सफल बनाने के लिए समर्पण भाव से जुटा हुआ है।



सनातन संस्कृति, हिंदू एकता और सामाजिक समरसता का संदेश देने के उद्देश्य से आयोजित यह भव्य कार्यक्रम 4 जनवरी दोपहर 12 बजे नगर की कुल 12 बस्तियों में एक साथ प्रारंभ होगा। सम्मेलन के लिए निर्धारित स्थलों में श्री कृष्णा बस्ती (विंध्याचल स्कूल), गोपाल बस्ती (दुर्गा चौक, कैंट), विवेकानंद बस्ती (हीरा बाग मैदान), हनुमान बस्ती (मिडिल स्कूल, प्रगाढ़), श्री दुर्गा बस्ती (सिसोदिया कॉलोनी), जय श्री महावीर बस्ती (कुंदन निवास), शीतला बस्ती (कस्तूरबा कॉलेज मैदान), सावित्री बस्ती (लव-कुश मंदिर), बूढ़े बालाजी बस्ती (मां दुर्गा मैदान), अवंतिका बस्ती (कस्तूरी गार्डन), जगन्नाथपुर बस्ती (नसिया जी का गार्डन) और गणेश बस्ती (शहनाई गार्डन) को भव्य रूप से तैयार किया गया है। इन सभी स्थानों पर विभिन्न धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से जन-जन को जोड़ा जाएगा।